2019-2020

Name of the Department/Society: हिंदी साहित्य परिषद्, हिंदी विभाग, हंसराज महाविद्यालय
Name of the Event 3: परीक्षा तैयारी के आयाम
Date of the Event: 01st November 2019

हंसराज महाविद्यालय,हिंदी विभाग, हिंदी साहित्य परिषद द्वारा संचालित 1 नवंबर 2019 को 'परीक्षा तैयारी के आयाम' विषय पर छात्रों से एक परिसंवाद का आयोजन किया गया जिसमें हिंदी विभाग दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रो. मंजु मुकुल, हंसराज कॉलेज के पूर्व प्राध्यापक डॉ. प्रभात कुमार तथा हिंदू कॉलेज के डॉ. रामेश्वर राव ने परीक्षा की दृष्टि से विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें परीक्षा में बेहतर लिखने के कुछ महत्वपूर्ण बातों से छात्रों को अवगत कराया। तथा आगे उन्होंने बताया कि एक प्रश्न का उत्तर लिखते समय एक विद्यार्थी को यह है ध्यान रखना चाहिए कि उत्तर लिखते समय अपने मस्तिष्क और लिखने की गति में समन्वय बनाना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। जब आपके मस्तिष्क और लिखने की गति में समन्वय होगा तो आपका उत्तर सटीक एवं सही होगा। हंसराज महाविद्यालय के पूर्व प्राध्यापक डॉ. प्रभात कुमार ने बताया कि किसी भी परीक्षा की तैयारी करते समय हमें किसी विषय को समझने के लिए सरल और सुबोध तरीके को अपनाना चाहिए क्योंकि जितना सरल और सुबोध तरीका हम अपनाएंगे हम परीक्षा में लिखते समय अपने उत्तर को उतना ही अच्छा लिख पाएंगे। हंसराज महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रमा ने भी कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को अत्यंत लाभ होता है। कार्यक्रम का संचालन हंसराज महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. प्रभांशु ओझा ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने किया।